NPCI इंटरनेशनल की बैंक ऑफ नामीबिया के साथ हुई साझेदारी

[स्रोत: द हिंदू](#)

इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL) ने **भारत के** यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) के समान वास्तविक समय तत्काल भुगतान प्रणाली तैयार करने के लिये **बैंक ऑफ नामीबिया** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।

- नई प्रणाली तेज़ी से **व्यक्ति-से-व्यक्ति (P2P)** और **व्यक्ति-से-व्यापारी (P2M)** लेन-देन की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे वंचित जनसंख्या के लिये वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा।
- NPCI की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रूप में 3 अप्रैल, वर्ष 2020 में स्थापित **NIPL**, रुपे कार्ड योजना और UPI मोबाइल भुगतान समाधान के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर केंद्रित है।
    - NIPL का लक्ष्य अपने व्यापक अनुभव और उन्नत भुगतान ज्ञान का लाभ उठाते हुए, दुनिया भर में, विशेष रूप से **संसाधन-सीमित देशों** में भुगतान प्रणालियों को बढ़ाकर, **नवाचार** एवं **प्रौद्योगिकी** के माध्यम से **वैश्विक भुगतान में क्रांति** लाना है।
- **नामीबिया** दूसरा सबसे कम घनी जनसंख्या वाला देश है, जो **दक्षिणी अफ्रीकी तट** पर स्थित है।
    - नामीबिया की **सीमा** दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, ज़िम्बाब्वे, ज़ाम्बिया और अंगोला आदि निकटवर्ती देशों के साथ **लगती** है।
    - इसका वातावरण विविध प्रकार का है जिसमें रेगिस्तान, दलदली भूमि, सवाना, पहाड़ और नदी घाटियों का घर है।

//

और पढ़ें: [यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI)]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/npci-international-partners-with-the-bank-of-namibia